<u>लोक सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 3060

06 अगस्त, 2018 को उत्तर के लिए

स्पंज आयरन संयंत्र

3060. श्री लखन लाल साहू:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) इस समय छत्तीसगढ़ सहित देश में सरकारी और निजी क्षेत्रों में कितने स्पंज आयरन संयंत्र कार्यशील हैं;

(ख) इन संयंत्रों में सृजित रोजगार अवसरों का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त संयंत्रों में स्थानीय लोगों को रोजगार प्रदान करने के लिए कोई प्रावधान बनाया गया है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)

(क): वर्ष 2017-18 के दौरान छत्तीसगढ़ समेत देश में निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के स्पंज आयरन संयंत्रों की संख्या 312 है।

(ख): संयुक्त संयंत्र समिति (जेपीसी) द्वारा कराए गए सर्वेक्षण के अनुसार घरेलू स्पंज आयरन बाजार में कुल रोजगार 1,15,927 है।

(ग) और (घ): निजी इस्पात क्षेत्र में कर्मचारियों की भर्ती से संबंधित विशेष निर्णय व्यक्तिगत इस्पात कंपनियों/निवेशकों द्वारा अपनी आवश्यकताओं के आधार पर लिए जाते हैं। सीपीएसयू के मामले में भर्ती सरकारी दिशा-निर्देशों पर आधारित होती है।

******